युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल, मुख्यमंत्री युवा उद्यम विकास अभियान योजना शुरू करने की घोषणा की।

मुख्य बिंदु

- इस योजना के तहत उद्यमिता में रुचि रखने वाले युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसका लक्ष्य राज्य भर में दस लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) इकाइयाँ स्थापित करना है। राज्य में किये गए निवेश के माध्यम से **16.2 मिलियन से अधिक युवाओं को रोज़गार** मिला है।
- केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर 62 लाख युवाओं को **स्वरोज़गार के अवसरों** से जोड़ा गया है।
- **उद्यमिता को और बढ़ावा देने के लिये,** नए उद्यमों को वित्तपोषित करने के लिये **एक समर्पित स्टार्ट-अप फंड की स्थापना की गई है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/scheme-to-promote-entrepreneurship-among-youth